भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4051 का उत्तर

हरियाणा एक्सप्रेस

4051. सुश्री सुनीता दुग्गलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या 25 वर्ष पूर्व आमान परिवर्तन के बाद भी सिरसा से नई दिल्ली वाया भिवानी, रेवाड़ी और गुरुग्राम के लिए हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन बहाल नहीं की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ख) **क्या हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन को हरियाणा को छह जिलों को सुविधा प्रदान करने के लिए बहाल किये जाने की संभावना है; और**

(ग) **यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर
रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): आमान परिवर्तन से पहले, हरियाणा एक्सप्रेस दिल्ली-रेवाड़ी-भिवानी-हिसार मार्ग पर परिचालित हुआ करती थी। वर्तमान में, 14085/86 हरियाणा एक्सप्रेस का परिचालन रोहतक-भिवानी-हिसार खंड के रास्ते दिल्ली और सिरसा के बीच हो रहा है।

(ख) और (ग): परिचालनिक तंगियों के कारण, वर्तमान में रेवाड़ी-भिवानी खंड के रास्ते हरियाणा एक्सप्रेस के परिचालन का कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, 74001/74004 दिल्ली-रेवाड़ी डेमू को भिवानी होते हुए हिसार तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

****